# Headline

- Corona Alert: कोरोना के नए केस 11 हजार के पार, यह बीते 236 दिनों में सबसे ज्यादा; सक्रिय मरीज 50 हजार के करीब

- Asad Ahmed Encounter: बड़ागांव इलाके से एसटीएफ ने दो को उठाया, असद को छिपने में की थी मदद, गाड़ी भी दी


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 274 | इंदौर, शुक्रवार 14 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




### इंदौर विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# इंदौर में बनेगा 65 किमी का ग्रीन रिंग रोड

- ग्रीन कारिडोर में 30 गॉवों की लगभग 3300 हेक्टेयर भूमि सम्मिलित होगी
- - अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल मेंटेनेंस हेतु प्रायवेट एजेन्सी नियुक्त
- - क्रियान्वयन के लिए मास्टर प्लान में संशोधन हेतु सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक आज दोपहर में आयोजित की गई है। इस बैठक के लिए जारी की गई कार्य सूची में ग्रीन रिंग रोड का महत्वपूर्ण प्रस्ताव विचार के लिए रखा गया है। संचालक मण्डल द्वारा प्रस्तावित ग्रीन रिंग कॉरिडोर को नवीन मास्टर प्लान में सम्मिलित किये जाने हेतु प्रस्ताव आयुक्त सह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। यह कॉरिडोर लगभग 65 किलोमीटर का होकर इसमें 30 गॉवों की लगभग 3300 हेक्टेयर भूमि सम्मिलित होगी। इस प्रस्ताव में इंदौर शहर की अगले 50 साल की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा शहर को ग्रीन सिटी के रुप में परिवर्तित करने के मकसद से यह प्रस्ताव बनाया गया है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर पी अहिरवार ने बताया कि इस समय प्राधिकरण के द्वारा बेहतर यातायात के लिए एक साथ चारों तरफ फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण का काम शुरू किया गया है। ब्रिज के निर्माण में बाधक बन रहे पेडों को ट्रांसप्लांट भी किया जा रहा है। इसके साथ ही इंदौर में हरित क्षेत्र की आवश्यकता भी बनी हुई है। कोरोना के संक्रमण काल में आक्सीजन की आवश्यकता की स्थिति को सभी ने देखा है। ऐसे में शहर को ग्रीन चादर देने के मकसद से यह प्रस्ताव बनाया गया है।

#### मास्टर प्लान में इंदौर के निवेश क्षेत्र में शामिल कराया जाएगा

उन्होने बताया कि इंदौर बायपास के भी बाहर की तरफ पर्याप्त दूरी पर यह रिंग रोड प्रस्तावित किया गया है। यह रोड 65 किलोमीटर लंबा होगा। इस रोड पर व्यापक पैमाने पर पौधारोपण कर इसे हरित रिंग रोड के रुप में तैयार किया जाएगा। संचालक मंडल की बैठक में यह प्रस्ताव मंजूर होने के बाद इसके क्रियान्वयन के लिए मास्टर प्लान में संशोधन हेतु सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह ग्रीन रिंग रोड जिन ग्रामों में से गुजरेगा उन ग्रामों को नए आने वाले मास्टर प्लान में इंदौर के निवेश क्षेत्र में शामिल कराया जाएगा।

#### बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

- शहर एवं उसके आस-पास सी.एम. राईज स्कूलों के निर्माण का जिम्मा प्राधिकारी को सौपा गया है, जिसके अंतर्गत नंदानगर,मूसाखेड़ी तथा पालकांकरिया में निर्माण के लिए 69.15 करोड़ की निविदा स्वीकृत की गई।
- लवकुश चौराहे पर बनाये जा रहे लेवल-2 फ्लाय ओव्हर हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सलटेन्सी सर्विसेस की निविदा स्वीकृत की गई।
- इन्दौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 94 सेक्टर-एफ में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स हेतु 3. 84 एकड़ भूमि का भूखण्ड नियोजित है, संचालक मण्डल द्वारा इस हेतु स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एवं अन्य अनुशांगिक सुविधाऐं हेतु रुपए 50.50 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल को ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस हेतु प्रायवेट एजेन्सी की नियुक्ति हेतु आवश्यक शर्तो का अनुमोदन किया गया।
- ग्राम बिचौली हप्सी, टिगरियाराव एवं कनाडिया की 261.178 हेक्टेयर भूमि पर टी.पी.एस.-09 योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय प्राक्कलन के आधार योजना के विकास हेतु 916.11 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- ग्राम बडा बांगडदा पालाखेडी, टिगरिया बादाशाह, लिम्बोदागारी की 220.871 हेक्टेयर भूमि पर टी.पी.एस.-10 योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रथमस्तरीय प्राक्कलन के आधार योजना के विकास हेतु 793.73 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- खड़े गणपती से योजना क्रमांक 155 होते हुए टिगरिया बादशाह तक सड़क निर्माण हेतु पुनरीक्षित मांग राशि रुपए 55.47 करोड़ रु एवं एम.आर.-4 भण्डारी पुल के नीचे से बाणगंगा रेल्वे क्रासिंग तक सड़क का चौड़ीकरण हेतु पुनरीक्षित मांग राशिरुपए 35.93 करोड़ रु कुल राशि 91. 40 करोड़ रु हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- साथ ही एम.आर.-4 से आय.एस.बी.टी. को जोडने वाली आर.डब्ल्यू.-1 के भाग निर्माण बाबद पूर्व में स्वीकृत राशि रुपएं 13.62 करोड़ के विरूद्ध राशि रुपए 22.68 करोड़ किये जाने को स्वीकृति प्रदान की गई।
- प्राधिकारी की योजना क्रमांक 140 में आवासीय उपयोग के 192 भूखण्डों को भू-स्वामी अधिकार में व्ययन हेतु निविदा के संबंध में निर्णय लिया गया कि पुर्नपरीक्षण कर विधिक अभिमत प्राप्त किया जावे।
- संचालक मण्डल द्वारा प्राधिकारी द्वारा वर्ष 2023-24 में 4 नयी नगर विकास योजनाओं के नियोजन किया जाना प्रस्तावित है। अतः नई 4 विकास योजना बनाये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता करेंगी लाड़ली लक्ष्मी का पंजीयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्य सरकार की बहु प्रचारित लाडली बहना योजना में महिलाओं के पंजीयन का कार्य करने के लिए आज से आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं को भी लगाया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शहर के सभी वार्डों में अपनी टीम भी उतार दी गई है।**

सरकार की इस लाडली बहना योजना के लिए महिलाओं के पंजीयन का कार्य अब तक इंदौर नगर निगम के द्वारा ही किया जा रहा था। निगम की ओर से शहर के सभी 85 वार्ड में शिविर लगाए गए हैं। हर वार्ड में दो स्थानों पर शिविर का संचालन किया जा रहा है। जबसे सरकार की ओर से इस योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया तबसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। अब यह कार्यकर्ता हड़ताल से लौटकर आ गए हैं। ऐसे में पिछले दिनों निगम के अधिकारियों के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग को इस बात की ताकीद दी गई थी कि अब इस योजना के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाने के लिए मैदान में आए।

बताया गया है की विभाग के द्वारा जो काम किया जा रहा था उसका कोई अलग से डाटा तैयार नहीं हो पा रहा था। ऐसी स्थिति में गत बुधवार को सिटी बस कंपनी के कार्यालय के सभागार में इंदौर नगर निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर के द्वारा निगम के अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली गई। इस बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब सभी आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं को लाडली बहना योजना के लिए महिलाओं का पंजीयन और उनका ई - केवाईसी का काम करने में लगाया जाएं। इन आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं के द्वारा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से यह काम किया जाएगा। आज गुरुवार से शहर के सभी 85 वार्ड में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी इस काम को करने के लिए लगेंगे।

## विधायक विशाल पटेल ने 40 कन्याओं को दिए शादी में उपहार का सामान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर रोड स्थित जगदीश पटेल वेयरहाउस पर आज कुछ अलग ही माहौल देखने को मिला बिना शोरगुल बिना दिखावे के 40 कन्याओं को उनकी शादी के उपलक्ष में गृहस्ती का सामान बर्तन कपड़े श्रृंगार का सामान खाद्य पदार्थ का सामान लगभग 500 लोगों के भोजन की व्यवस्था हो जाए कन्याओं को उनकी शादी के उपलक्ष में परिजनों के उपस्थिति में भेंट किया गया। क्षेत्रीय विधायक विशाल जगदीश पटेल सहज भाव से स्वीकार करते हैं कि मैं मेरी ओर से यह भेंट मेरे पिता स्वर्गीय जगदीश पटेल की इच्छा के अनुरूप यह कार्य कर रहा हूं और भविष्य में भी करता रहूंगा। इस अवसर पर गौतमपुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन चौधरी विधायक प्रतिनिधि इंद्र नगर गगन बाहेती किसान कांग्रेस के मेहरबान सिंह पिचोलिया के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए भोपाल में जंगी प्रदर्शन करेंगे इंदौर के कलमवीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर 1 मई रविवार को भोपाल में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जंगी प्रदर्शन करेगा। इस आंदोलन में शामिल होने के लिए इंदौर से बड़ी संख्या में कलमवीर जायेगे।**

यह जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार ने बताया कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में 1 मई 2023 रविवार मजदूर दिवस को भोपाल में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने के लिए प्रदेशभर के श्रमजीवी पत्रकार भोपाल में जंगी प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री से अधिकार सुरक्षा लागू करवाने की अपील करेंगे. इस प्रदर्शन में इंदौर के पत्रकार भी शामिल होंगे . इस संदर्भ में गुरुवार को संघ की एक बैठक संभागीय अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शरद जैन ,गिरीश कानूनगो, सरिता शर्मा,विद्युत प्रकाश पाठक,प्रवीण जोशी, राजेंद्र सिंह, रश्मि किंगरानी, बालकृष्ण उपाध्याय, किशोर लोवंशी, शुभम अग्रवाल उपस्थित थे।

## जानवरों पर नहीं ढो सकेंगे सामान और सवारी

**इंदौर।** पशुओं की सहायता से वजन ढोने एवं सवारी ले जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगाया दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर ने ये आदेश पशु क्रूरता अधिनियम 1960 और परिवहन तथा कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के तहत जारी किया है। आदेश 20 अप्रैल से 30 जून तक दोपहर 12 से तीन बजे तक लागू रहेगा। दरअसल इंदौर में दोपहर 12 से 3 बजे के बीच तापमान 37 से ज्यादा बना रहता है। ऐसे में सामान या सवारी ढोने पर जानवरों की मौत हो सकती है।

### पीथमपुर सेक्टर-7 के दोनों चरणों को अब एमपीआईडीसी एक साथ करेगा विकसित

# साढ़े 4 हजार एकड़ पर विकसित होगी अब स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप

- एक हजार करोड़ से अधिक होंगे खर्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम अब पीथमपुर में विकसित होने वाली स्मार्ट इंडस्ट्रीयल टाउनशिप के दोनों चरणों को एक साथ विकसित करेगा, क्योंकि तमाम कम्पनियों की लगातार मांग जमीन उपलब्ध कराने को लेकर आ रही है। पहले जहां ढाई हजार एकड़ का पहला चरण विकसित होना था, तो अब दोनों चरणों को मिलाकर लगभग साढ़े 4 हजार एकड़ पर यह टाउनशिप आएगी, जिसके विकास कार्यों पर भी लगभग एक हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। भोपाल में हुई महत्वपूर्ण बैठक में एमडी मनीष सिंह ने इस टाउनशिप को मंजूरी दी, जिस पर अब जल्द अमल शुरू होगा। वैसे भी कई बड़ी कम्पनियों को यहां जमीनें आबंटित भी कर दी गई हैं।

**साढ़े 4 हजार एकड़ नेट प्लानिंग एरिया मिलेगा-** पीथमपुर सेक्टर-7 की स्मार्ट इंडस्ट्रीयल टाउनशिप में अब टोटल एरिया वैसे तो 2187 हेक्टेयर का हो गया है, जिसमें फॉरेस्ट की लगभग 390 हेक्टेयर जमीन शामिल है। उसे कम करने के बाद 1695 हेक्टेयर यानी लगभग साढ़े 4 हजार एकड़ नेट प्लानिंग एरिया मिलेगा, जिसमें 250 हेक्टेयर सरकारी जमीन शामिल है और अभी 86 हेक्टेयर से अधिक जमीन एमपीआईडीसी के पास ही है। जबकि 1446 हेक्टेयर जमीन निजी है, जिनका अधिग्रहण तय किए गए फामूर्ले से किया जाएगा। भोपाल में हुई बैठक में एमपीआईडीसी के एमडी मनीष सिंह ने इस टाउनशिप की नई प्लानिंग का प्रजेंटेशन देखा। इंदौर से क्षेत्रीय अधिकारी प्रतुल्ल सिन्हा भी इस मीटिंग में मौजूद रहे।

**500 एकड़ जमीन निजी कम्पनियों और फूट वियर क्लस्टर के लिए चिन्हित भी-** लगभग साढ़े 4 हजार एकड़ में विकसित होने वाली स्मार्ट इंडस्ट्रीयल टाउनशिप में लगभग 500 एकड़ जमीनें कुछ उद्योगों के साथ-साथ फूट वियर क्लस्टर के लिए भी सुरक्षित रखी गई है। जानी-मानी कम्पनी अवाडा को लगभग 100 एकड़ जमीन का आबंटन किया गया है, तो टीवीएस को लगभग 30 एकड़, एशियन पेंट्स को 150 एकड़ से अधिक, जेएसडब्ल्यू प्लांट को लगभग 65 एकड़, वहीं पिनेकल इंडस्ट्रीज को 24.38 हेक्टेयर, शक्ति प्लास्टिक को 16.28 हेक्टेयर और एमएसएमई सेक्टर के लिए जो फूट वियर क्लस्टर आ रहा है उसके लिए 33.88 हेक्टेयर जमीन रखी है।

1446 हेक्टेयर निजी जमीनें भी अधिग्रहित इस टाउनशिप के लिए की जा रही है, जिनके जमीन मालिकों को 80-20 फामूर्ले के तहत मुआवजा और क्षतिपूर्ति दी जाएगी। यानी 20 फीसदी राशि जमीन मालिकों को नकद मिलेगी और 80 फीसदी उनकी जमीन के बदले विकसित भूखंड दिए जाएंगे।

दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 274 | इंदौर, शुक्रवार 14 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली पर कई नेताओं का जमावड़ा

## पूर्व CM कमलनाथ ने दी श्रद्धांजलि, सीएम शिवराज और यूपी के पूर्व CM अखिलेश भी आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू। आज संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। मध्यप्रदेश में इंदौर के महू में बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली पर मुख्य समारोह है। यहां सबसे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे। उन्होंने बाबा साहेब को नमन किया। करीब 10.45 बजे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस विधायक सज्जन वर्मा हैं। कमलनाथ ने स्मारक पर नमन कर बाबा साहेब को याद किया।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद सहित कई राजनीतिक दलों के नेता बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचेंगे। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करेंगे।

इससे पहले गुरुवार रात में बौद्ध भिक्षुओं ने अंबेडकर स्मारक पर बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने वंदना की। उसके बाद यहां मौजूद जन समुदाय, समता सैनिक दल और अंबेडकर मेमोरियल सोसाइटी के सदस्यों ने रात में 12 बजते ही बाबा साहेब को सलामी दी।

### सबसे पहले पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय

महू पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बातचीत में यूपी में हुए एनकाउंटर पर विजयवर्गीय बोले- पुलिस को क्या फूल बरसाना चाहिए, पुलिस को अधिकार दिया है कि अपनी आत्मरक्षा के लिए गोली चलाना चाहिए। आप अपनी आत्मरक्षा के लिए गोली चला सकते हैं। पुलिस ने कोई गैर कानूनी काम नहीं किया।



### ● एक घंटे रुकेंगे राज्यपाल मंगूभाई पटेल

मप्र के राज्यपाल मंगूभाई पटेल शुक्रवार को हेलीकाप्टर से दोपहर 12 बजे महू पहुंचेंगे। राज्यपाल पटेल यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। राज्यपाल महू से दोपहर 1.10 बजे हेलीकाप्टर से महेश्वर के लिए रवाना होंगे।

### ● दोपहर आएंगे सीएम शिवराज

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर 12 बजे हेलीकाप्टर से डॉ. अंबेडकर नगर (महू) आएंगे। वे यहां तेलीखेड़ा स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां उनकी जयंती पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे उनके जन्म स्मारक पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद स्मारक के सामने ही एक सभा को संबोधित भी करेंगे। दोपहर 1.10 बजे हेलीकाप्टर से महेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### अखिलेश यादव, जयंत चौधरी और चंद्रशेखर आजाद करेंगे सभा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राज्यसभा सदस्य व राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के अध्यक्ष जयंत चौधरी और भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद दोपहर करीब 1 बजे महू पहुंचेंगे। वे यहां किशनगंज नाके से रैली के रूप में डॉ.अंबेडकर जन्मस्थली पहुंचेंगे। यहां बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद तीनों नेता शहर के आजाद मैदान में सभा को भी संबोधित करेंगे।

### अंबेडकर जयंती पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश

राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर मध्यप्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस आशय की अधिसूचना गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की है। अंबेडकर जयंती पर महाराष्ट्र सहित अन्य राज्य से आने वाले अनुयायियों की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए इस बार 500 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जन्मस्थली के आसपास की जगह पुलिस के पॉइंट भी लगे हैं।

### कई रूट किए डायवर्ट

भीड़ को देखते हुए भारी वाहनों को सिमरोल तलाई नाका, उमरिया, पीथमपुर चौपाटी व बिचौली फाटा से डायवर्ट किया है। महू की तरफ हेवी व्हीकल नहीं आएंगे। शुक्रवार सुबह से डोंगरगांव से धार नाका तक वीआईपी मूवमेंट के कारण मार्ग को बंद रखा जाएगा।

### हाईकोर्ट ने वापस लिया छिंदवाड़ा एसपी का निलंबन आदेश

# एसपी ने अदालत में पेश होकर मांगी माफी, वारंट तामील नहीं कराने को माना था अवमानना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा एसपी विनायक वर्मा को सस्पेंड करने के आदेश वापस ले लिए हैं। एसपी वर्मा ने गुरुवार को हाईकोर्ट में पेश होकर माफी मांगी। इसके बाद हाईकोर्ट ने निलंबन आदेश वापस ले लिया। उनके अलावा एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी हाईकोर्ट में पेश हुए। जिसके बाद उनका भी अरेस्ट वारंट वापस हो गया।**

इससे पहले चीफ जस्टिस रवि मलिमठ की डिवीजन बेंच ने बुधवार को एसपी को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि एसपी को अगले आदेश तक सस्पेंड रखा जाए। असल में कोर्ट ने एक मामले में वारंट जारी कर तामीली करने को कहा था। एसपी ने वारंट तामील कराने के बजाय उल्टा कोर्ट को लेटर लिख दिया कि उक्त व्यक्ति का तबादला हो गया है, वारंट तामील नहीं हो सकता। कोर्ट ने इसे आदेश की अवमानना मानते हुए नाराजगी जाहिर की थी।

## जमीन अधिग्रहण से जुड़ा है मामला

मामला छिंदवाड़ा में एनएचएआई क द्वारा तुलसी रामायण मंडल नाम की धार्मिक संस्था की जमीन अधिग्रहण का है। छिंदवाड़ा में साल 2018 से पहले खजरी मार्ग पर एनएचएआई ने सड़क निर्माण के दौरान तुलसी रामायण मंडल के 1200 वर्गफीट प्लॉट का अधिग्रहण किया गया था। इसमें महज 600 वर्ग फीट का मुआवजा दिया गया। इसे लेकर संस्था के शिवकुमार शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई।

## एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को जारी किया था वारंट

इसमें एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डी अनिल कुमार को आरोपी बनाया गया था। मुआवजा नहीं मिलने पर कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। मामले में कोर्ट ने 2018 में ठलअक को बाकी 600 वर्गफीट का मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया। बावजूद ठलअक ने संस्था को मुआवजा नहीं दिया। इसी मामले में कोर्ट ने डी अनिल कुमार का गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। 28 मार्च 2023 को छिंदवाड़ा एसपी को वारंट तामील करने के लिए आदेश दिया गया।

## एसपी ने कोर्ट को लिखा लेटर

एसपी विनायक वर्मा ने उक्त वारंट की तामील नहीं करते हुए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को लेटर लिखा। इसमें कहा- प्रतिवादी क्र. 3 डी अनिल कुमार का ट्रांसफर छिंदवाड़ा से दूसरी जगह कर दिया गया है। इस कारण वारंट तामील नहीं किया जा सका।

## हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

खास बात यह है कि लेटर में ये उल्लेख नहीं था कि ट्रांसफर कहां हुआ है। इसी बात पर हाईकोर्ट ने आपत्ति जताई। कोर्ट ने इसे लापरवाही माना है। हाईकोर्ट ने आदेश में ये भी कहा था कि एसपी को तब तक सस्पेंड रखा जाए, जब तक अदालत अगला आदेश जारी नहीं कर देती। हाईकोर्ट ने डीजीपी को खुद गैर जमानती वारंट 19 अप्रैल तक यानी एक हफ्ते में तालीम करवाने के आदेश दिए थे।

# एमपी की गर्मी ने दिल्ली, राजस्थान-महाराष्ट्र को पीछे छोड़ा

● दमोह, खजुराहो और राजगढ़ में तापमान 42 डिग्री के करीब, भोपाल इस सीजन का सबसे गर्म दिन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** गर्मी के लिहाज से मध्यप्रदेश ने दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। गुरुवार को राजगढ़, दमोह और खजुराहो में सबसे ज्यादा तापमान रहा। यहां टेंप्रेचर 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को भोपाल इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। वहीं, ग्वालियर में पहली बार तापमान 40 डिग्री को छू गया। इंदौर में 38.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं, पिछले तीन दिन से 42-43 के बीच चल रहा तापमान गुरुवार को थोड़ा कम हो गया। बाकी शहरों में तापमान 40 डिग्री के नीचे ही रहा।

बुधवार को राजगढ़ का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, दमोह-खजुराहो में 41 डिग्री के पार पारा रहा। नर्मदापुरम, रतलाम, गुना, धार, मंडला, सागर और सतना में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा ही रहा। दिन की तरह ही रात भी गर्म रही। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अभी न तो पश्चिमी विक्षोप एक्टिव है और न ही कोई ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसलिए आसमान साफ है। सूरज की किरणें सीधे धरती पर आ रही है। जिससे गर्मी का असर बढ़ गया है।

## राजगढ़ में ही सबसे ज्यादा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान चंद्रापुर में 42.2 डिग्री दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और रायपुर में पारा 40.6 डिग्री रहा। वहीं, दिल्ली में भी तापमान 39 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, प्रीतमपुरा एरिया में 38.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा, जो बाकी इलाकों से सबसे ज्यादा है। राजस्थान के बांसवाड़ा में पारा 42.2 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। कोटा, बूंदी, चित्तौड़, टोंक, डूंगरपुर, बाड़मेर, जलौर में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। भुवनेश्वर की बात करें तो वहां पारा 40.7 डिग्री रहा। अन्य शहरों में भी तापमान राजगढ़ जितना नहीं रहा। इसलिए बुधवार को राजगढ़ देश का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया था।

## भोपाल में पहली बार रात सबसे गर्म

इस सीजन में पहली बार भोपाल की रात सबसे गर्म रही। बुधवार-गुरुवार की रात यहां न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, इंदौर में पारा 23.5 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में 25.8, सागर-रतलाम में 23.2, सीधी में 23, राजगढ़ में 22.4, दमोह में 22.2, रायसेन में 22.2, सतना में 22.1, छिंदवाड़ा में 21.5, बैतूल में 21.2, गुना में 21.2, उज्जैन-नौगांव में पारा 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नर्मदापुरम में भी पहली बार रात का तापमान इतना अधिक रहा।

# विजयवर्गीय बोले- मैंने शादी के बाद कभी सूट नहीं पहना

● दिग्गी ने कहा था- भाजपा में 7 नेताओं ने सीएम बनने सूट सिलवाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सीएम पद की रेस में बीजेपी के संभावित चेहरे गिनाकर सत्ताधारी दल पर चुटकी ली है। उन्होंने सीएम शिवराज सिंह समेत 7 नेताओं के नाम लेकर कहा कि इन्होंने सीएम बनने के लिए सूट सिलवाए हुए हैं, लेकिन किसी को मौका नहीं मिलेगा। क्योंकि मुख्यमंत्री पद की शपथ कमलनाथ लेंगे। दिग्विजय के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस उम्र में लोग अक्सर बहकी-बहकी बातें करते हैं।

बीजेपी में शिवराज सिंह चौहान के विकल्प को लेकर अटकलें कई बार तेज हुई हैं, लेकिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच दिग्विजय सिंह ने बुधवार को सागर में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए शिवराज सिंह चौहान के अलावा केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, शिवराज सरकार में मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह और नरोत्तम मिश्रा को दावेदार बताया। उन्होंने इन नेताओं का नाम लेकर कहा- ये तैयारी में हैं कि कब मौका मिल जाए।

## विजयवर्गीय बोले- इस उम्र में लोग अक्सर बहकी-बहकी बातें करते हैं

दिग्विजय सिंह के बयान पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने पटलवार किया। उन्होंने कहा- 70 साल की उम्र के बाद नींद नहीं आती है। बल्कि सपने आते हैं। इस उम्र में अक्सर लोग बहकी-बहकी बातें करते हैं। ह्यकांग्रेस के राजाह्न ने सपने में ऐसा कुछ देख लिया होगा। मैंने तो शादी के बाद कभी सूट ही नहीं पहना। मैं जब मंत्री रहा, तब भी बिना सूट के ही शपथ ली थी। मुझे उनके बयान पर इससे ज्यादा कोई टिप्पणी नहीं करनी है। दरअसल कैलाश विजयवर्गीय का नाम भी कई बार सीएम पद की रेस के लिए उछलता रहा है। दो दिन पहले जबलपुर में भी मीडिया ने उनसे यही सवाल किया था, तो उन्होंने कहा कि मीडिया ही बार-बार उनका नाम लेता है, बीजेपी में ऐसी कोई चर्चा नहीं है। हम आगामी चुनाव शिवराज सिंह के नेतृत्व में ही लड़ेंगे।

# दलित दूल्हे की बारात रोकी, पत्थर फेंके

### बीएसएफ जवान के घर में घुसकर मारपीट की, 29 लोगों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गरोठ।** मंदसौर में दलित दूल्हे की बनोली (बारात) को दूसरे समाज के लोगों ने निकलने से रोक दिया और दूल्हे के घर में घुसकर परिजनों से मारपीट की। दूल्हा बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) में कॉन्स्टेबल है। बुधवार रात उसकी शादी होनी थी, इस दौरान कुछ उपद्रवियों ने बारातियों पर पथराव किया और मौके पर पहुंची पुलिस पर भी पत्थर फेंके, जिससे पुलिस की गाड़ी के कांच टूट गए। इस घटना में दलित वर्ग के 6 लोगों को चोटें आई हैं। इस घटना के बाद गुरुवार सुबह पुलिस अभिरक्षा में दूल्हे की बनोली निकली। पुलिस ने इस मामले में 29 लोगों पर ऋकफ की है।

गरोठ थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे हमें सूचना मिली कि गांव पिपलिया राजा में अर्जुन पिता विनोद मेघवाल की बारात निकल रही थी। इस दौरान गांव के ही भगवानलाल मीणा के लड़के जीवन की बनोली भी निकलनी थी। तभी मीणा समाज के लोगों ने रास्ता रोक दिया। दलितों का रास्ता रोकने के लिए उन्होंने रास्ते में पत्थर और कांटे लगा दिए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पहुंचकर देखा तो मीणा समाज के लोग रास्ता रोक पत्थरबाजी कर रहे थे। पुलिस ने मोर्चा संभाला और उपद्रवियों को खदेड़ दिया। इस दौरान कुछ पत्थरबाजों को मौके से गिरफ्तार किया। गुरुवार को दूल्हे के पिता विनोद की शिकायत पर पुलिस ने 29 लोगों पर एसटी-एससी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस सुरक्षा में बनोली निकाली गई।

## दूसरे दिन निकाली दलित दूल्हे की बनोली

अर्जुन बीएसएफ में मेघालय में तैनात है। अर्जुन अपनी शादी के लिए छुट्टी पर गांव आया है। रात में विवाद के बाद गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गरोठ पुलिस की अभिरक्षा में अर्जुन अपनी दुल्हन लेने निकला। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र ताडनेकर, गरोठ तहसीलदार, थाना प्रभारी कमलेश सिंगर, शामगढ़, सुवासरा, गरोठ, भानपुरा का पुलिस बल भी घटनास्थल पर मौजूद रहा।

## पथराव में घायल हुए 6 लोग

दूल्हे के परिजनों ने मीणा समाज के लोगों पर पत्थर फेंकने का आरोप लगाया। पथराव में 6 लोग घायल हुए, जिनमें घनश्याम पिता सीताराम मेघवाल निवासी पनवाड़ी, तूफान सिंह पिता कारूलाल निवासी गोपालपुरा टैंक, गणपतलाल पिता बगदीराम मेघवाल निवासी कुलासीं, राहुल पिता कन्हैयालाल मेघवाल निवासी उमरिया बालोदा और रामचंद्र मेघवाल निवासी रामनगर शामिल हैं।

# सर्प विशेषज्ञ को नागिन ने डसा

**जबलपुर।** 7 अप्रैल दिन शुक्रवार शाम के साढ़े 5 बजे थे, मैं अपने घर पर था तभी नर्मदा जिलेटिन फैक्टरी से सुरक्षा गार्ड का फोन आता है, वह कहता है जल्दी आ जाओ फैक्ट्री में सांप निकल आया है। सूचना मिलते ही मैं वहां के लिए रवाना हुआ तकरीबन 6:40 पर जब मैं वहां पहुंचा तो देखा कि फैक्ट्री के भीतर एक जहरीली कोबरा नागिन बैठी हुई है, पहले तो उसे मैंने छड़ी से पकड़ने का प्रयास किया लेकिन फुतीर्ली होने के चलते वह छड़ी से बाहर निकल गई। इसके बाद जब मैंने उसे हाथ से पकड़ने की कोशिश की तो उसने अचानक ही मेरे बाएं हाथ के अंगूठे में हमला कर दिया। जैसे ही नागिन ने मुझे काटा तो मैं समझ गया कि अब मुझे समय रहते इलाज की जरूरत है, और मुझे घबराना बिल्कुल नहीं है। मुझे यह भी पता था कि अगर मैं इस जहरीली नागिन को बिना पकड़े जाता हूं तो यहां यहां रहने वाले लोग इसे जान से मार डालेंगे, इसलिए मैंने फिर से नागिन को पकड़ने की कोशिश की रेस्क्यू किया और फिर उसे बोरी में भरकर बरगी के जंगल ले जाकर छोड़ दिया। इसके बाद मैंने अपने बाएं हाथ में कपड़ा बांधा और सीधे मेडिकल कॉलेज आकर भर्ती हो गया।

## संपादकीय

### चिंता स्वाभाविक

बठिंडा की घटना को मामूली चूक या आपसी वैमनस्य बता कर हल्के में नहीं लिया जा सकता। अगर कुछ सैनिकों की आपस में रंजिश थी, तो उसके बारे में उनके अधिकारियों को जानकारी कैसे नहीं थी। फिर उन लोगों की पहचान करने और उन्हें तलाशने में इतना वक्त कैसे लगा। यह घटना बड़े शातिराना ढंग से अंजाम दी गई। ऐसे लोग सेना के लिए किसी भी रूप में उचित नहीं माने जा सकते। ऐसे में अगर दो अज्ञात लोग उस सैन्य ठिकाने के भीतर घुस कर सो रहे चार जवानों को गोलियों से भून डालते हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। हालांकि अभी तक घटना की असली वजह ठीक-ठीक पता नहीं चल सकी है, मगर अधिकारियों का कहना है कि सैनिकों की आपसी रंजिश के चलते यह घटना घटी। घटना से दो दिन पहले एक इंसास राइफल और अ_ाईस कारतूस चोरी चले गए थे। इस घटना में उसी राइफल के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वह चोरी गई राइफल घटना के बाद बरामद कर ली गई है। इस घटना की असल वजह जांच के बाद पता चल जाएगी, मगर वहां की सुरक्षा से जुड़े सवाल शायद अनुत्तरित ही रहेंगे। इस घटना के अगले ही दिन एक संतरी की सिर में गोली लगने से मौत हो गई, जिसे खुदकुशी बताया जा रहा है। दोनों घटनाओं के आपस में जुड़े होने से इनकार किया जा रहा है, मगर कथित खुदकुशी की घटना भी संदेह और सवालों से परे नहीं है। सैन्य छावनियों में बाहरी लोगों का प्रवेश आसान नहीं होता। पुख्ता जांच के बाद ही वे प्रवेश कर सकते हैं, इसलिए इस तर्क को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि चार जवानों की हत्या करने वाले सेना के भीतर के ही लोग थे। मगर यह समझना थोड़ा कठिन है कि वे कैसे नकाब पहन कर आए और वारदात को अंजाम देने के बाद बड़ी आसानी से निकल भागे। छावनियों में सेना की टुकड़ियां किसी वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में रहती हैं। जगह-जगह आंतरिक सुरक्षा के इंतजाम होते हैं। निगरानी चौकियां बनी होती हैं। बठिंडा में इसे लेकर अधिक ही चौकसी की उम्मीद की जाती है। फिर कैसे दो नकाबपोश राइफल और कुल्हाड़ी लेकर भोजनालय वाले इलाके में पहुंचे और चार जवानों को मारने में कामयाब रहे। कैसे उन पर सुरक्षा में तैनात किसी सिपाही की नजर नहीं पड़ी या फिर जब गोलियां चलीं, तब भी कोई सक्रिय क्यों नहीं हुआ।

महिला जगत

# रंगमंच की पांच चर्चित महिलाएं, कठिनाइयों को पार कर हासिल किया ऊंचा मुकाम



एक दौर में रंगमच यानी थिएटर पुरुष प्रधान क्षेत्र का माना जाता था। पुरुष ही महिला किरदार भी निभाया करते थे। थिएटर महिलाओं के लिए किसी सपने कम नहीं था। लेकिन आज महिलाओं ने थिएटर में अपना अलग स्थान बना लिया है। शुरुआत में उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। धीरे धीरे सफलता हासिल की और थिएटर क्षेत्र में दमदार भूमिका निभा रही हैं। महिला रंगमंच कर्मी आज केवल थिएटर में अभिनय ही नहीं बल्कि नाटकों के निर्देशन का काम भी बखूबी निभा रही हैं। महिलाएं थिएटर ग्रुप भी चला रही हैं। लेकिन यहां तक पहुंचने में उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आइए जानते हैं भारत की चर्चित महिला रंगमंच कर्मियों के अनुभव के बारे में।

### ● हेमा सिंह

हिंदी के प्रसिद्ध कवि रघुवीर सहाय की बेटी हेमा सिंह को बचपन से ही नाटक देखने और कॉस्ट्यूम व मुखौटे बनाने का शौक था। हेमा सिंह नाटकों का निर्देशन करती हैं। उन्हें एनएसडी में 19 साल पढ़ाया। एक रंगमंच कर्मी होने के नाते वह महिलाओं के विचारों को अपने नाटक में प्रस्तुत करती हैं और एक निर्देशिका के तौर पर पुरुषों की नजर को भी देखती हैं।

### ● शोभा

रंगमंच कर्मी शोभा 22 साल से थिएटर कर रही हैं। कॉलेज में नुक्कड़ नाटक करना शुरू किया और फिर थिएटर में रूचि बढ़ी तो एक निजी थिएटर ग्रुप में शामिल हो गईं। शोभा ने साहित्य कला परिषद के रंगमंच रेपेट्री में जॉब की। श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में सभी नाटकों में मुख्य भूमिकाएं की। 2013 में शोभा ने किंगडम ऑफ ड्रीम्स ज्वाइन किया। वर्तमान में शोभा फ्रीलांस और अमित भडाना के साथ काम कर रही हैं।

### ● गौरी देवल

पिछले 13 सालों में दिल्ली में थिएटर कर रहीं गौरी देवल ने बचपन में ही महाराष्ट्र ही इस क्षेत्र में कदम रख दिया था। पुणे से ड्रामा में ग्रेजुएशन किया और मास्टर्स के लिए एनएसडी दिल्ली आ गईं। गौरी ने यूनिकॉन एक्टर्स स्टूडियो नाम की संस्था की स्थापना की। वह खुद थिएटर में अभिनय और निर्देशन दोनों करती हैं।

### ● निधि मिश्रा

वर्ष 2002 में एनएसडी से पास होने वाली निधि मिश्रा ने एनएसडी के रंगमंडल में काम किया। बाद में मुंबई में थिएटर करने लगीं। उन्होंने माना कि छोटे शहरों की महिलाओं के लिए बड़े शहरों में थिएटर करने आना आसान नहीं है। लोग अपनी बेटियों को डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य पेशे में लाना चाहते हैं। उनका कहना है कि जब तक थिएटर शिक्षा का हिस्सा नहीं बनेगा, तब तक आम इंसान इसके महत्व को नहीं समझ पाएगा।

### ● श्रुति मिश्रा

थिएटर आर्टिस्ट श्रुति मिश्रा जयपुर की रहने वाली हैं। दिल्ली आने के बाद उन्होंने श्रीराम सेंटर की रेपेट्री में काम किया। 6 साल एनएसडी की रेपेट्री में ए ग्रेड कलाकार के तौर पर काम करती रही। फिलहाल वह फ्री लांस थिएटर कर रही हैं। श्रुति कहती हैं कि जब कोई लड़की बड़े शहर में थिएटर करने आती है तो उसके मन में यह डर रहता है कि वह वहां सुरक्षित रहेगी या नहीं। उसके काम का पैसा मिलेगा या नहीं। अब लोगों को कुछ थिएटर ग्रुप में अच्छा पैसा मिलने लगा है। श्रुति मिश्रा लगभग 18 सालों से थिएटर से जुड़ी हुई हैं।

## Highlights

1. PM Modi talks to UK PM Rishi Sunak on phone, seeks action against 'anti-India' elements
2. Who is Pearl, 2-yr-old from US named as the shortest living dog?
3. Govt issues alert as 12,000 Indian sites targeted by Indonesian hackers: Report
4. 'Break their heads,' shout passengers at Goa airport as Go First cancels flight
5. Who is 21-year-old Jack Teixeira, arrested over big US secret documents leak?
6. Imran Khan & Bushra Bibi's wedding defies Islamic Sharia law, says cleric: Report
7. Wear masks, WFH if showing signs of cough & flu: Noida health dept

# Businesses with over Rs. 100 Cr turnover must upload e-invoice on IRP within 7 Days

NEW DELHI, (Agency). Businesses with turnover of ₹100 crore and above will have to upload their electronic invoices on IRP within 7 days of the issue of such invoice with effect from May 1, GST Network has said.

Currently, businesses upload such invoices on Invoice Registration Portal (IRP) on the current date, irrespective of the date of issue of such invoice.

In an advisory to taxpayers, GST Network (GSTN) said the government has decided to impose a time limit on reporting old invoices on the e-invoice IRP portals for taxpayers with aggregate annual turnover greater than or equal to ₹100 crore. "To ensure timely compliance, taxpayers in this category will not be allowed to report invoices older than 7 days on the date of reporting," GSTN said.




In order to provide sufficient time for taxpayers to comply with this requirement, this new format would be implemented from May 1, 2023.

This restriction will apply to invoice, and there will be no time restriction on reporting debit/credit notes, it added.

Giving example, the GSTN said if an invoice has a date of April 1, 2023, it cannot be reported after April 8, 2023.

The validation system built into the invoice registration portal will disallow the user from reporting the invoice after the 7-day window.

Hence, it is essential for taxpayers to ensure that they report the invoice within the 7-day window provided by the new time limit, the GSTN said.

As per GST law, businesses cannot avail input tax credit (ITC) if invoices are not uploaded on the IRP.

# RBI assessing potential bidders for IDBI Bank: Report

NEW DELHI, (Agency). The Reserve Bank of India (RBI) has begun evaluating at least five potential bidders interested in picking up a majority stake in state-owned IDBI Bank Ltd, three people familiar with the matter told Reuters.

Kotak Mahindra Bank, Prem Watsa-backed CSB Bank and Emirates NBD are among those that have submitted expressions of interest, two of the people said, speaking on condition of anonymity because the talks are confidential.

Reuters was unable to confirm the names of the other potential bidders.

The RBI, Finance Ministry, IDBI, Kotak Mahindra Bank, CSB Bank did not respond to requests for comment. A spokesperson for Emirates Bank declined to comment.




The stake sale in the lender is the first major divestment across state-owned banks as part of a broader privatisation plan and could fetch the government 300 billion Indian rupees ($3.66 billion) at the current market valuation.

The federal government owns 45.48% of IDBI Bank, and is looking to divest a 30.48% stake in the lender, alongside state-owned Life Insurance Corp of India (LIC), which will sell 30.24% from its 49.24% holding in the bank.

Expressions of interest - the first step in the stake sale process - closed in January, the three people said.

The potential bidders have since begun due diligence on the bank, according to the people, who added financial bids were likely to be placed later this year.

## New Delhi

# बिहार में कल से लू के आसार, उत्तर प्रदेश में भी 42 डिग्री तक जा सकता है तापमान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बिहार के कुछ भागों, पश्चिम बंगाल के मैदानी हिस्से, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों तक लू चलने की संभावना है। इस दौराना पारा 40 डिग्री के पार करने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी है। इससे पहले आईएमडी ने उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ राज्यों को छोड़कर देश के अधिकतर हिस्सों में अप्रैल से जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का पूर्वानुमान जताया था। वहीं, मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा दिनों तक लू चलने की भी आशंका है।

आईएमडी के मुताबिक, बिहार में शनिवार



से सोमवार (15 से 17 अप्रैल) तक, पश्चिम बंगाल के मैदानी भागों के अलग-अलग हिस्सों में सोमवार (17 अप्रैल) तक, उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा में शनिवार (15 अप्रैल) तक तथा तक लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत में मौजूदा समय में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह रहा है।

विभाग ने कहा कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के कई हिस्सों और पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और केरल में अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विभाग के ताजा अपडेट्स के मुताबिक, गोवा और महाराष्ट्र में अगले पांच दिनों तक बारिश हो सकती है। इसके कारण लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में यह भी कहा है कि

## Jammu & Kashmir

# कटड़ा में श्रद्धालुओं से भरी बेकाबू बस पलटी, 10 घायल, रामबन में भी ऐसा ही हादसा, 9 छात्र जख्मी

**कटड़ा/रामबन, (एजेंसी)** धर्मनगरी कटड़ा से चार किलोमीटर दूर नोमाई क्षेत्र में कटड़ा से दिल्ली जा रही बस (एचआर 38- 0111) अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा तीखे मोड़ पर वाहन चालक के नियंत्रण खोने से हुआ। इसमें करीब दस लोग घायल हो गए। सभी लोग मां वैष्णो देवी के दर्शन करके लौट रहे थे। घायलों को लोगों और पुलिस की मदद से कटड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल दिल्ली, यूपी और बिहार के रहने वाले हैं। हादसे के बाद ड्राइवर फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार हादसा देर शाम करीब सात बजे हुआ। घायलों में आठ उत्तर प्रदेश, एक बिहार और एक दिल्ली का रहने वाला है। घायलों में से एक को जम्मू रेफर कर दिया गया है। उसकी पहचान दीपक कौशिक (32) पुत्र मनोहर कौशिक निवासी हाथरस उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उसे जम्मू के मेडिकल कालेज मे रेफर कर दिया गया है। बाकी के 9 घायलों का इलाज कटड़ा के अस्पताल में ही चल रहा है। उनकी पहचान भूमि शर्मा (23) पत्नी अजय शर्मा निवासी हाथरस उत्तर प्रदेश, अजय शर्मा (28) पुत्र राम मनोहर हाथरस, धीरज मिश्रा (27) पुत्र अशोक कुमार निवासी हाथरस, वंश (11) निवासी हाथरस, अनिता सिंह (28) पत्नी विनोद निवासी हाथरस, सलेश पाठक (30) पुत्र प्रमोद पाठक निवासी हरदेव नगर दिल्ली, अतुल चौधरी (30) पुत्र दलीप चौधरी निवासी भागलपुर बिहार, अनु (30) पत्नी दीपक निवासी हाथरस, रितू (35) पत्नी अमित निवासी हाथरस के रूप में हुई है।

## Himachal Pradesh

# किन्नौर के नालिग मंदिर में लगी आग, करोड़ों का नुकसान होने की सूचना



**शिमला, (एजेंसी)** किन्नौर जिले के रूपी पंचायत में देर रात नालिग मंदिर में आग लगने की सूचना है। बताया जा रहा है कि भीषण आग लगने से देवता का मंदिर जलकर राख हो गया है। स्थानीय देवता के मंदिर में आग लगने से करोड़ों का नुकसान होने की सूचना है। आग लगने की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर नुकसान का आंकलन करने में जुट गई है।

## Uttarpradesh

# यूपी के महराजगंज में आग से मां-बेटा समेत 4 जिंदा जले, मचा कोहराम

**महाराजगंज, (एजेंसी)** महराजगंज जिले के भिटौली और नौतनवा थाना क्षेत्रों में गुरुवार को आग लगने से हुए दो दर्दनाक हादसों में चार लोग जिंदा जल गए। सुबह भिटौली क्षेत्र के अमवा भैंसी गांव में पशुओं को बचाने के प्रयास में जलती झोपड़ी मां-बेटे के ऊपर गिर गई। वहीं, शाम को नौतनवा खरगबरवा गांव में झोपड़ी में आग लगने से खेल रहे मासूम भाई-बहन की जलकर मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

भिटौली के अमवा भैंसी निवासी रामअशीष जानवर बांधने के लिए बनी झोपड़ी में पशुओं



को मच्छर से बचाने के लिए आग जलाकर धुआं किया था। इसी झोपड़ी में गुरुवार की भोर में करीब सवा चार बजे अचानक आग लग गई। आग से गायों को बचाने के लिए रामअशीष (34) और उसकी मां कौशल्या देवी (55) जलती झोपड़ी में घुस गई। मां-बेटे गायों को निकाल पाते कि इसी बीच जलती हुई झोपड़ी दोनों पर गिर गई और वे उसी के नीचे दब गए। आग की लपटों में घिरकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पीड़ित परिजनों से मिलकर जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। वहीं गुरुवार शाम को नौतनवा के खरगबरवा गांव में गुरुवार की शाम गौतम अपनी पत्नी के साथ पास में ही खेत में काम कर रहा था।

## खेल

# ऋद्धिमान साहा ने दिखाई धोनी सी मुस्तैदी, हार्दिक पांड्या को किया रिव्यू लेने पर मजबूर

**नई दिल्ली, (एजेंसी) विकेट के पीछे एमएस धोनी की चतुराई का हर कोई कायल है। जब कोई अन्य खिलाड़ी विकेट के पीछे मुस्तैदी दिखाता है तो अकसर हम उनकी तुलना महेंद्र सिंह धोनी से ही करने लगते हैं। गुरुवार रात पंजाब किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस मुकाबले के दौरान भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला जब ऋद्धिमान साहा ने कप्तान हार्दिक पांड्या को रिव्यू के लिए मजबूर हुआ। इस रिव्यू पर थर्ड अंपायर ने जो फैसला सुनाया उसे देखने के बाद हर कोई हैरान था। बता दें, पंजाब और गुजरात के बीच गुरुवार रात मोहाली में आईपीएल 2023 का 18वां मैच खेला गया था। इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स पर 6 विकेट से जीत दर्ज की।**

यह घटना पंजाब की पारी के 13वें ओवर की है। ओवर की दूसरी गेंद पर पंजाब के बल्लेबाज जितेश शर्मा बीट हो गए। गेंद बल्ले के काफी करीब से गई थी, मगर गेंदबाज मोहित शर्मा ने कोई अपील नहीं की थी। उन्हें इल्म नहीं था कि गेंद बल्ले पर लगकर गई है, मगर विकेट के पीछे तैनात ऋद्धिमान साहा ने जोरदार अपील की, मगर उनकी इस अपील को



अंपायर ने खारिज कर दिया।

साहा ने इसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या पर रिव्यू के लिए दबाव बनाया। आखिरी सेकंड में गुजरात टाइटंस ने अंपायर के फैसले को चुनौती देते हुए रिव्यू की मांग की, मगर हार्दिक पांड्या रिव्यू लेकर हताश दिखे। जब थर्ड अंपायर के पास यह फैसला पहुंचा तो स्निको मीटर में देखा गया कि गेंद बल्ले का महीन सा किनारा लेकर साहा के दस्तानों में गई है। ऐसे में अंपायर को अपना फैसला पलटना पड़ा। इस विकेट के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या समेत गुजरात टाइटंस के अन्य सभी खिलाड़ियों ने साहा की प्रशिंसा की।

## सिनेमा

# काजोल बिना खर्चे के कैसे हो गईं गोरी? खोल दिया अपनी निखरी रंगत का राज



काजोल के ट्रांसफॉर्मेशन के अक्सर चर्चे होते हैं। डेब्यू के वक्त वह काफी डस्की थीं अब उनकी रंगत में जबरदस्त निखार आ गया है। एक रीसेंट इंटरव्यू के दौरान काजोल ने बताया कि उन्हें काला, मोटा कहा जाता था। हालांकि इन सब बातों का उन पर फर्क नहीं पड़ता था। वह खुद को स्मार्ट और कूल मानती थीं लेकिन खूबसूरत नहीं समझती थीं। काजोल के स्किन लाइटनिंग ट्रीटमेंट की खबरें भी कई बार सुर्खियों में रह चुकी हैं। अब उन्होंने इस पर भी बात की और बताया है कि आखिर वह गोरी कैसे हो गईं। काजोल की गिनती बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेसस में होती है। उनको पर्दे पर देखना सिनेप्रेमियों के लिए विजुअल ट्रीट से कम नहीं। वह फिल्मों में आईं तो उनके लुक्स पर भी काफी कुछ कहा गया। ह्यमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए गए एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि खुद को मिले टैग्स से उन्होंने कैसे डील किया? इस पर काजोल जवाब देती हैं, उस वक्त कई सारे दिए गए। वह काली है, मोटी है और हर वक्त चश्मा पहने रहती है। जब मैंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया तो कुछ जजमेंट भी पास किए गए। मैंने ज्यादा परवाह नहीं की। मुझे पता था कि मैं स्मार्ट हूं, कूल हूं और जो नेगेटिव बोलते हैं उनसे बेहतर हूं। कलर फेयर होने पर काजोल बोलीं, मैंने कोई स्किन वाइटनिंग सर्जरी नहीं करवाई। मैं बस धूप से दूर रही। अपनी जिंदगी के 10 साल में धूप के नीचे काम कर रही थी। इस वजह से टैनिंग हो गई थी। अब मैं धूप में काम नहीं कर रही हूं। तो अब अनटैन्ड हो गई। यह स्किन वाइटनिंग सर्जरी नहीं है, यह स्टे-ऐट-होम सर्जरी।

# उज्जैन जेल की निलंबित अधीक्षक उषा राज को जिला जेल में किया शिफ्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गबन की आरोपी उज्जैन जेल की निलंबित अधीक्षक उषाराज कोर्ट के आदेश पर इंदौर सेंट्रल जेल में लाई गई थीं तो अपने बैग में डायपर के पैकेट के साथ 50 हजार रुपये भी छिपा लाई थीं। तलाशी के दौरान यह कैश पकड़ लिया गया। कैश जब्त कर उसकी सूचना कोर्ट को भी दे दी गई। गुरुवार को उषा को सेंट्रल जेल से जिला जेल में शिफ्ट किया गया है।**

गौरतलब है कि उज्जैन जेल में अधीक्षक के पद पर रहते उषा राज पर करीब 15 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। उषा राज, उनकी बेटी उत्कर्षणी राज, जगदीश परमार, हरीश, जेल प्रहरी रिपुदमन की गिरफ्तारी हो चुकी है। कोर्ट के आदेश पर पिछले दिनों उन्हें सेंट्रल जेल इंदौर भेजा गया था। जेल दाखिले के दौरान उषा राज तीन-चार बैग में कपड़े और खाने-पीने का सामान लेकर आईं।

अधीक्षक अलका सोनकर के अनुसार उषा को वार्ड में दाखिल कर दिया, लेकिन उनका सामान जांच के लिए रख लिया। दूसरे दिन महिला वार्ड प्रभारी डिप्टी जेलर पूजा मिश्रा और जेलर सुजीत खरे ने सामान की तलाशी तो डायपर के पैकेट में 25-25 हजार रुपये की दो गड्डियां मिलीं।



## होटल में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने बुझाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय नगर स्थित होटल लिली में शुक्रवार सुबह आग लग गई। आग होटल के ऊपरी फ्लोर पर लगी थी। एक कमरे से शुरू हुई आग देखते ही देखते पूरे फ्लोर पर फैल गई। होटल कर्मचारियों ने अपनी ओर से बुझाने की कोशिश की लेकिन आग तेजी से फैलती गई। यह देख होटल कर्मचारियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। चंद मिनटों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक यहां कोई जनहानि नहीं हुई है। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## दो शातिर चोर पकड़ाए आठ गाड़िया मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर इनसे 8 वाहन बरामद किए गए हैं। वाहन चोरी करने के बाद ये ओएलएक्स पर उसका सौदा कर बेच देते थे। इनसे कई और वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। थाना प्रभारी भंवरकुआं शशिकांत चौरसिया ने बताया कि 5 अप्रैल को छात्र आशुतोष ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी बाइक अज्ञात बदमाश भोलाराम उस्ताद मार्ग से चोरी हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटना के आने व जाने के समस्त मार्गो के सीसीटीवी कैमरो के फुटेज एवं घटना में आये हुलिये के बदमाशो को चेक करना शुरु किया। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि इस चुराई बाइक को बेचने की फिराक में संदिग्ध पिपलियापाला के पास दिखाई दिया है। टीम ने घेराबंदी कर बाइक सहित आकाश हाड़ा को पकड़ा। उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि वह ओएलएक्स साइट पर वाहनों का सौदा कर बेच दिया करता था। पूछताछ के बाद पुलिस ने दो बाइक उसके साथी मोहसीन के पास से भी बरामद की। आकाश हाडा से उक्त बाइक के अलावा 5 अन्य बाइक भी बरामद की गई। दोनों आरोपियों से कुल 8 बाइक जब्त हुई हैं। उनसे पूछताछ कर अन्य वारदातों का पता लगाया जा रहा है।

## इंजिन डिरेल, चार ट्रेनें निरस्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ महू (डॉक्टर अंबेडकर नगर) के स्टेशन यार्ड में लाइट इंजन डिरेल होने के कारण यहां से चलने वाली 4 ट्रेनें प्रभावित हुई है। यार्ड में इंजिन डिरेल होने की सूचना मिलते ही अलर्ट जारी किया गया और इंजीनियर्स की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। रेलवे इंजीनियर इंजिन को ट्रैक पर लाने की कोशिश में जुटे हैं। इसके चलते ये चार ट्रेनें आज यानी 14 अप्रैल को निरस्त रहेगी-

19323 डॉ अम्बेडकर नगर-भोपाल
19340 भोपाल-दाहोद
09535 डॉ अम्बेडकर नगर-रतलाम स्पेशल डेमू
09536 रतलाम- डॉ. अम्बेडकर नगर स्पेशल एक्सप्रेस

## 24 बार तोड़ा सिग्नल, 12 हजार का चालान बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कार चालक ने एक-दो नहीं बल्कि, 24 बार रेड लाइट सिग्नल का उल्लंघन किया। जब वह पकड़ाया तो उसके ई चालान निकाले गए और 12 हजार रुपए की चालानी राशि जमा कराई गई। गुरुवार को सूबेदार सुमित बिलोनिया एवं टीम चोइथराम मंडी चौराहा पर यातायात प्रबंधन के साथ साथ वाहन चलाते मोबाइल का इस्तेमाल, गलत दिशा में वाहन चलाकर आम लोगों की जान आफत में डालने वाले गैर जि मेदार वाहन चालकों पर कार्यवाही कर रहे थे। इस दौरान कार एमपी 09-सीएम-8422 के चालक को वाहन चलाते मोबाइल पर बात करने पर रोका गया। जब कार के पूर्व में लंबित ई-चालानों की जानकारी ली गई तो पाया कि कार चालक द्वारा द्वारा पूर्व में 24 बार रेड लाइट का उल्लंघन किया जा चुका है। कार चालक से पूर्व के लंबित ई-चालानों की समन शुल्क राशि 12 हजार मौके पर ही जमा करवाई गई।

## हथियारों का सौदा सिकलीगर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने एक सिकलीगर को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी कट्टे, पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चोइथराम चौराहे से मंडी के बीच कहीं एक सिकलीगर अवैध हथियार की तस्करी करने वाला है। टीम ने स्पाट पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध अभिजीत उर्फ जीतू जिला धार को पकड़ा। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 2 देसी 32 बोर पिस्टल एवं 2 देशी 12 बोर कट्टे मय 2 जिंदा कारतूस के मिले। टीम उससे पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह ये हथियार यहां किसको देने आया था। पूर्व में वह किस-किसको हथियार बेच चुका है। उससे पूछताछ के बाद कई हथियाबाजों का सुराग मिलने की संभावना है। उसके खिलाफ 25-27 आम्र्स एक्ट का केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## 4.90 लाख रुपए ठगने वाला जालसाज गिरफ्त में

### छात्रा के बैंक खाते की जगह अपना खाता नंबर अपडेट कर स्कॉलरशिप हड़प ली थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्कॉलरशिप फार्म में छात्रा के बैंक खाते की जगह अपना बैंक खाता नंबर अपडेट कर मेडिकल स्टूडेंट की राज्य शासन से प्राप्त होने वाली 4 लाख 90 हजार रुपए की स्कॉलरशिप हजम करने वाले जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त कार्यालय,क्राइम को एक महिला फरियादी की स्कॉलरशिप की राशि 4 लाख 90 हजार रुपए को ऑनलाइन प्राप्त कर धोखाधडी करने संबंधित शिकायत की गई थी। जांच क्राइम ब्रांच टीम से कराई गई । पता चला कि फरियादिया जो इंडेक्स मेडिकल कॉलेज की स्टूडेंट होकर मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त होने वाली मेडिकल स्कॉलरशिप राशि को गलत तरीके से टेलीपरफारमेंस में जॉब करने वाले एवं आईटी का तकनीकी ज्ञान रखने वाले शातिर आरोपी आकाश मिश्रा,मूल निवासी रीवा वर्तमान इंदौर द्वारा फरियादिया के स्कॉलरशिप ऑनलाइन फार्म में धोखाधड़ी कर स्कॉलरशिप की 4 लाख 90 हजार रुपए राशि स्वयं के बैंक खाते में ट्रांसफर करवा ली गई थी। आरोपी को गिरफ् तार कर उसके खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

## प्रेम विवाह से नाराज रिश्तेदार ने फोड़ा दुल्हन का सिर

**इंदौर।** परिजनों को बिना बताए युवक-युवती ने खजराना मंदिर में जाकर शादी कर ली। इस बात का पता दोनों परिवारों को लगा तो वे यहां पहुंचे। एक रिश्तेदार ने तो आकर दुल्हन का सिर फोड़ कर उसे घायल कर दिया। शादी के तत्काल बाद दुल्हन को अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। देवनगर,एमआईजी में रहने वाले युवक का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात का कुछ दिनों पहले परिवारजनों के बीच खुलासा हो गया। उसके बाद दोनों परिवारों ने बैठकर बातचीत की और तय हुआ कि इन दोनों की शादी करवा दी जाएगी। युवती का परिवार शादी के लिए एक साल का समय मांग रहा था जबकि युवक के परिजन तीन साल बाद शादी की बात कह रहे थे। इसी बीच युवक-युवती बुधवार को खजराना मंदिर में पहुंचे और वहां शादी कर ली। रात में ही युवक के चाचा इन्हें मंदिर में मिले और जब शादी की बात पता चली तो वे हैरान रह गए। उन्होंने युवक की मां और रिश्तेदारों को मंदिर में बुलवा लिया। युवक के मामा गुस्से में मंदिर पहुंचे और उन्होंने बहू पर हमला करते हुए उसका सिर फोड़ दिया।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।